उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23, एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकःशि०से०आयोग / 996 /अधियाचन / 2026–27 दिनांक : 22/06/2026

विज्ञप्ति / आवश्यक सूचना

आयोग द्वारा उ०प्र० शिक्षक पात्रता परीक्षा–2026 **दिनांक 02 व 03 जुलाई 2026** को प्रतिदिन दो–दो पालियों में **पूर्वान्ह 09:30 बजे से 12:00 बजे** तक तथा **अपरान्ह 02:30 बजे से 05:00 बजे** तक एवं **04 जुलाई 2026** को प्रथम पाली में **पूर्वान्ह 09:30 बजे से 12:00 बजे** तक **60** जनपदों के कुल **955** परीक्षा केन्द्रों में करायी जायेगी। तिथिवार एवं पालीवार विवरण निम्नवत् है :–

परीक्षा तिथि	परीक्षा पाली	परीक्षा समय	स्तर
02.07.2026	प्रथम	09:30 AM से 12:00 PM	उच्च प्राथमिक(कक्षा 6 से 8)
	द्वितीय	02:30 PM से 05:00 PM	उच्च प्राथमिक(कक्षा 6 से 8)
03.07.2026	प्रथम	09:30 AM से 12:00 PM	उच्च प्राथमिक(कक्षा 6 से 8)
	द्वितीय	02:30 PM से 05:00 PM	प्राथमिक(कक्षा 1 से 5)
04.07.2026	प्रथम	09:30 AM से 12:00 PM	प्राथमिक(कक्षा 1 से 5)

तद्नुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना** सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट **https://upessc.up.gov.in** पर **दिनांक 22 जून 2026** से जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यह परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नही है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट के माध्यम से **दिनांक 30 जून 2026** से डाउनलोड किया जा सकता है। **अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नही की जायेगी।**

उपसचिव

Scanned with OKEN Scanner